हरिभूमि
धमतरी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 23 अक्टूबर 2026
कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

करें उत्सव की
शुरुआत प्यार से।

सुमीत बाजार™

दीपावली खरीदारी पर
CASHBACK VOUCHER
₹1,000 की छूट
हर ₹2,500 की खरीदारी पर
ऑफर केवल 30 अक्टूबर तक
*नियम व शर्तें लागू

*condition apply

मेन्स वियर • लेडिस वियर • टीन्स वियर • किड्स वियर • होम फर्निशिंग • गृह उपयोगी सामान • एसेसरीज

कैशबैक वाउचर स्कीम सिर्फ इन स्टोर्स में लागू - छत्तीसगढ़ - रायपुर - बैजनाथ पारा, गेट नं. 7 पंडरी मार्केट, पंडरी मॉल के बाजू, न्यू राजेन्द्र नगर, लाखेनगर, गुढ़ियारी, कटोरा तालाब आरंग | बिलासपुर | भिलाई - सुधीर एक्सरे के सामने सुपेला | दुर्ग - स्टेशन रोड, पुलगांव | राजनांदगांव-बसंतपुर | डोंगरगढ़ | भाटापारा | धमतरी | कांकेर | कोण्डागांव | सिमगा | खरोरा बालोद | बेमेतरा | कवर्धा | सरायपाली | बागबाहरा || उड़ीसा - नुआपाड़ा || मध्यप्रदेश - बालाघाट | धामनोद || अतिशीघ्र भव्य शुभारंभ रिंग रोड, कुशालपुर, रायपुर
नवीनतम फेस्टिवल कलेक्शन इन स्टोर्स पर भी उपलब्ध - छत्तीसगढ़ - रायपुर - संतोषी नगर, महादेव घाट, बिरगांव, हीरापुर, भनपुरी, रामनगर | नवापारा (राजिम) - गंज रोड, सदर रोड भिलाई - पावर हाऊस, सुपेला चौक, सिरसा रोड | महासमुंद || उड़ीसा - खरियार रोड

CUSTOMER CARE - 89820 44000 | info@sumeetbazaar.com | www.sumeetbazaar.com



खबर संक्षेप



नम आंखों से माताराणी को दी विदाई

पुरी। ग्राम पुरी में नवरात्रि के अंतिम दिन माताराणी को सेवा गीत एवं जयकारों के साथ विदाई दी गई। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

कोर्रा की अनूठी धार्मिक परंपराएं : दुर्गा पूजा में महिलाएं नहीं लेतीं सिर पर पल्लू, शीतला मंदिर के गर्भगृह में प्रवेश वर्जित

सेवा गीत के साथ निकली मां दुर्गा की विसर्जन यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭कोर्रा(भखारा)

ग्राम कोर्रा में गांधी चौक मां दुर्गा समिति की ओर से सेवा गीत के साथ मां दुर्गा की विसर्जन यात्रा निकाली गई। माता रानी की प्रतिमा को पूरे गांव में भ्रमण कराया गया। श्रद्धालुओं ने दर्शन कर पूजा-अर्चना की। भक्तिमय माहौल और माता रानी के जयकारों के बीच ग्रामीणों ने नम आंखों से विदाई दी।

कोर्रा में दुर्गा पूजा के दौरान निभाई जाने वाली कुछ परंपराएं गांव को विशिष्ट धार्मिक पहचान देती हैं। यहां मां दुर्गा की पूजा के समय महिलाओं द्वारा सिर पर पल्लू नहीं लेने की परंपरा है। जहां सामान्यतः पूजा-पाठ के दौरान महिलाओं का सिर ढंकना श्रद्धा और संस्कार से जुड़ा माना जाता है, वहीं कोर्रा में महिलाएं मां दुर्गा की आराधना खुले सिर से करती हैं। यह परंपरा स्थानीय धार्मिक मान्यताओं और पीढ़ियों से चली आ रही आस्था से जुड़ी हैं।



मां शीतला मंदिर के गर्भगृह में महिलाओं का प्रवेश वर्जित

गांव की दूसरी विशिष्ट परंपरा आराध्य देवी मां शीतला मंदिर से जुड़ी है। स्थानीय मान्यता के अनुसार महिलाएं मंदिर में पूजा-अर्चना के लिए जाती हैं, लेकिन उनका प्रवेश मंदिर परिसर तक ही सीमित रहता है। मंदिर के गर्भगृह में महिलाओं का प्रवेश वर्जित है। ग्रामीण इस परंपरा का पालन करते आ रहे हैं।

परंपराएं हमारी सांस्कृतिक पहचान : चोवाराम

सरपंच चोवा राम साहू ने कहा कि गांव की धार्मिक परंपराएं हमारी आस्था, संस्कृति और पूर्वजों से मिली मान्यताओं का प्रतीक हैं। मां दुर्गा और मां शीतला के प्रति ग्रामीणों की गहरी श्रद्धा है। पीढ़ियों से चली आ रही इन परंपराओं का ग्रामीण पूरी आस्था के साथ पालन करते आ रहे हैं। ऐसे धार्मिक आयोजन गांव में आपसी सद्भाव, एकता और सांस्कृतिक जुड़ाव को मजबूत करते हैं।

प्रथम पृष्ठ का शेष

चाकू मारकर युवक की हत्या, साथी घायल

निवासी व दो अन्य साथियों के साथ युवकों से मिलने सहाड़ा चौक पहुंचा जहां पहले से 10 से 12 युवक मौजूद थे। दीपांशु के पहुंचने पर किसी पुरानी बात को लेकर अज्ञात युवकों ने विवाद करना शुरु कर दिया। विवाद धीरे-धीरे मारपीट में बदल गई। लाठी व चाकू से लैस अज्ञात युवकों ने दीपांशु व उसके साथियों पर हमला बोल दिया। पहले लाठी से चारों के साथ मारपीट की गई। इसी बीच अज्ञात युवक ने दीपांशु की बांयी जांघ में धारदार चाकू घोंप दिया। वहीं विकास पर लाठियां बरसाने के बाद उस पर भी चाकू से हमला किया गया। चाकू लगने से दीपांशु लहूलुहान होकर जमीन पर गिर गया। वहीं विकास भी घायल हो गया। घटना से हो रहे हंगामे के कारण वहां पर बैठे मवेशियों में भगदड़ होते देख आसपास के ग्रामीणों का ध्यान इस मारपीट की घटना की ओर गया। ग्रामीण चौक की तरफ आने लगे। यह देख अज्ञात युवकों का गैंग वहां से भाग गया।

दीपांशु व विकास को लहूलुहान देख ग्रामीणों को समझते देर नहीं लगी कि चाकूबाजी की घटना हुई है। परिजनों को सूचना देने के बाद घायलों को उपचार के लिए तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया। इलाज के दौरान घायल दीपांशु की मौत हो गई। वहीं घायल विकास को वार्ड में भर्ती कर उपचार किया जा रहा है। सूचना मिलते ही अर्जुनी पुलिस रात्रि में ही घटनास्थल पहुंच गई। गुरुवार की सुबह एफएसएल की टीम व पुलिस घटनास्थल पहुंची और जांच में जुट गई।

मराठापारा में नकाबपोशों ने फैलाई दहशत

चढ़कर बोलने लगा है। उन्हें कानून या पुलिस का जरा भी भय नहीं है। कुछ इसी तरह की घटना बुधवार की रात्रि शहर के मराठापारा से सामने आई है। रात्रि लगभग 2 बजे चेहरे पर लाल रंग का स्कार्फ बांधे लाठी व हथियार से लैस लगभग 20 की संख्या में अज्ञात युवक मराठापारा की गलियों में घूमकर गाली-गलौज कर दहशत फैला रहे थे, जिसका फुटेज सीसीटीवी कैमरा व मोबाइल में रिकार्ड हो गया है। बदमाशों की इस हरकत को देख मराठापारावासी आक्रोशित हो गए। गुरूवार को पैदल मार्च करते हुए सिटी कोतवाली पहुंचे और थाना प्रभारी को आवेदन देकर आरोपियों के खिलाफ 24 घंटे के भीतर कड़ी कार्रवाई करने का अल्टीमेटम दिया है। कार्रवाई नहीं होने पर चक्काजाम करने व धमतरी बंद करने की चेतावनी दी है।

बेलरगांव में दशहरा पर्व धूमधाम से मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

ग्राम बेलरगांव में दशहरा उत्सव धूमधाम से मनाया गया। कृषि एवं ग्राम विकास समिति बेलरगांव के तत्वावधान में पीएचपी द्वारा रावण भाठा में पारंपरिक रामलीला का मंचन किया गया। रामलीला देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित हुए और देर रात तक कार्यक्रम का आनंद लिया।



रामलीला मंचन से पूर्व कलाकारों ने वंदना एवं माता सेवा की प्रस्तुति दी। इसके बाद ग्राम गायता व पदाधिकारी ने भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, माता सीता, हनुमान, जामवंत एवं वानर सेना की पूजा-अर्चना की। कलाकारों ने रामायण के विभिन्न प्रसंगों का जीवंत चित्रण कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। रावणभाठा में राम दल और रावण दल के बीच घमासान युद्ध का मंचन किया गया। युद्ध के दौरान रावण के भाई विभीषण ने भगवान श्रीराम को बताया कि रावण की नाभि में अमृत कुंड है। इसके बाद श्रीराम ने रावण की नाभि पर बाण चलाया। बाण लगते ही रावण ने भगवान श्रीराम का नाम लेते हुए अपने प्राण त्याग दिए। इस अवसर पर पूरे गांव में उत्सव का माहौल रहा।

मौके पर अमर सिंह पटेल, लीलाम्बर साहू, कैलाशनाथ प्रजापति, टेकराम देवांगन, ललित देवांगन, प्रेमांशु प्रजापति, योगेश सेन, नोमलाल देवांगन, बीरेंद्र प्रजापति, टिकेश्वर देवांगन, लल्लू राम साहू व देव समिति के सदस्य उपस्थित थे।

जेसीबी में सवार होकर रणभूमि पर पहुंचा रावण



सांकरा में विधि-विधान से हुआ रावण वध, श्री राधाकृष्णा बाल मंडली ने किया मंचन

हरिभूमि न्यूज ⏭सांकरा

असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक दशहरा पर्व ग्राम सांकरा में हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर रावण का अनोखा रूप लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र रहा। जेसीबी (बुलडोजर) पर सवार होकर युद्ध स्थल पर पहुंचे रावण और उनकी सेना की आकर्षक वेशभूषा ने लोगों का ध्यान खींचा।

रावण के दस सिर और आकर्षक सजावट के साथ निकाली गई इस शोभायात्रा को देखने के लिए लोगों की भीड़ लगी रही। ग्राम सांकरा में विधि विधान से पूजा पाठ कर रावण वध का मंचन मानस मंच सांकरा में किया गया जिसमें श्री राधा कृष्णा बाल मंडली स्कूल पारा के कलाकारों ने प्रस्तुति दी।

इस अवसर पर गिरवर भंडारी, पवन साहू, साधु साहू, हेमलाल साहू, नागेंद्र बोरझा सरपंच, हरीश साहू उपसरपंच, टिकेश साहू, छगन साहू, पुजारी यतींद्र पटेल, चुम्मन पटेल, गोपी पटेल, सोपसिंग पटेल समेत बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद थे।

कोसरिया यादव समाज की बैठक 25 को

धमतरी। छत्तीसगढ़ जिला कोसरिया यादव समाज धमतरी की पूर्व स्थगित बैठक 25 अक्टूबर को सत्संग भवन गोकुलपुर में दोपहर 12 से शाम 5 बजे तक आयोजित की जाएगी। जिला अध्यक्ष जोहनसिंह यादव एवं जिला सचिव रामेश्वर यादव ने बताया कि बैठक में समाज को आर्थिक रूप से सशक्त एवं संगठित बनाने, वित्तीय वर्ष 2026-27 की राशि जिला कोषालय में जमा करने तथा जिला स्तरीय गीता जयंती और युवक-युवती परिचय सम्मेलन आयोजित करने पर चर्चा होगी।







तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 19 डिग्री

हरिभूमि
धमतरी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 23 अक्टूबर 2026

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

12 सेवा गीत के साथ निकली मां दुर्गा की विसर्जन यात्रा



14 वोट चोरी के विरोध में कांग्रेस ने किया प्रदर्शन





खबर संक्षेप

तर्रागोंदी में कबड्डी स्पर्धा 25 को

धमतरी। ग्राम तर्रागोंदी (सिलौटी) में नवज्योति क्लब के तत्वावधान में ग्रामीण स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 25 अक्टूबर को रखा गया है। प्रथम से चतुर्थ पुरस्कार क्रमशः 7001, 5001, 3001 और 2001 रुपए रखा गया है।

जिला देवांगन समाज की कार्यकारिणी बैठक 25 को



सिर्री। धमतरी जिला देवांगन समाज की कार्यकारिणी बैठक 25 अक्टूबर रविवार को देवांगन धर्मशाला नहर नाका चौक दानीटोला धमतरी में सुबह 11 बजे रखी गई है। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

बोईरगांव में स्वास्थ्य पोषण सेवा संगम शिविर आज

नगरी। ग्राम बोईरगांव में 23 अक्टूबर शुक्रवार को प्रातः 10 से दोपहर 3 बजे तक स्वास्थ्य पोषण सेवा संगम शिविर का आयोजन किया जाएगा।

किस्त लेने के बाद निर्माण में नहीं दिखाई थी रूचि, अब पेशी के बाद दी सहमति

सालों से पेंडिंग 195 आवास नस्तीबद्ध, बाकी पर निर्माण का दबाव

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सालों से पेंडिंग पड़े 195 पीएम आवास के बनने की कोई उम्मीद नहीं दिखी तो उसकी फाइल नस्तीबद्ध कर दी गई है। बाकी 394 पेंडिंग पीएम हितग्राहियों पर दबाव बनाया जा रहा है कि वे आवास निर्माण कम्पलीट करें। मामला एसडीएम कोर्ट में पेश किया गया था, जहां पर अधिकांश हितग्राहियों ने आवास बनाने के लिए हामी भरी है।

जिले में लंबे समय से गरीबों के लिए आवास बनाने की योजना चल रही है। इस योजना से बड़ी संख्या में लोगों को पक्की छत मिली है। इस बीच कई लोग ऐसे भी हैं, जिन्होंने इस योजना के तहत आवास बनाने के लिए सरकार से किस्त तो ली, पर आवास नहीं बनाया। 2016 से लेकर 2024 तक ऐसे 589 लोगों को चिन्हांकित किया गया, जिन्होंने आवास योजना की किस्त लेने के बाद भी मकान बनाने में ध्यान नहीं दिया। इसमें से 195 हितग्राही तो ऐसे हैं, जिनकी मृत्यु हो चुकी है या अता-पता नहीं है। उनके वारिस भी कोई नहीं है, ऐसे में आवास के इन प्रकरणों को नस्तीबद्ध कर दिया गया है। बाकी 395 हितग्राहियों पर दबाव बनाया जा रहा है कि वे आवास निर्माण को शीघ्र पूरी करें। निर्माण के दौरान उन्हें नियमानुसार किस्त प्रदान भी की जा रही है। कई हितग्राहियों की एसडीएम कोर्ट में पेशी भी की गई, जिसके बाद अधिकांश हितग्राही आवास बनाने के लिए तैयार हो गए हैं।



बन चुके 89 प्रतिशत आवास

2024 से लेकर अब तक हितग्राहियों को बम्पर संख्या में आवास की सौगात मिली है। जानकारी के अनुसार 2024 से लेकर अब तक 41 हजार 540 आवास स्वीकृत हुए हैं। इसमें से 89 प्रतिशत आवास का निर्माण कम्पलीट हो चुका है। बाकी आवास निर्माण प्रगति पर है। अधिकारी लगातार इन आवास निर्माण की स्थिति पर नजर रखे हुए हैं। हितग्राहियों को आवास निर्माण के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

70 हजार लोगों को पीएम आवास का इंतजार

पीएम आवास को लेकर लोगों की उम्मीद कम होने का नाम नहीं ले रही है। पिछली ग्रामसभा में पीएम आवास के आवेदनों की लिस्टिंग की गई तो 70 हजार आवेदन सामने आए। इन सभी लोगों को आवास योजना का लाभ देने अभी तो संभव नहीं है। हालांकि इसमें से 10-12 प्रतिशत हितग्राहियों को जल्दी ही आवास की सौगात मिलेगी। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पूरे प्रदेश में 3 लाख 64 हजार आवास की घोषणा की है। जिले को इनमें से 7-8 हजार आवास मिलने की उम्मीद है। यह भी उम्मीद है कि आवास स्वीकृति की घोषणा दिवाली से पहले कर दी जाएगी। हितग्राहियों का चयन प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा।

मराठापारा में नकाबपोशों ने फैलाई दहशत





मोहल्लेवासियों ने घेरा सिटी कोतवाली

धमतरी। बुधवार की देर रात्रि लाठियों से लैस नकाबपोश गैंग ने गाली-गलौज करते हुए दहशत फैलाने का प्रयास किया, जिसे लेकर मराठपारावासियों ने सिटी कोतवाली का घेराव कर कार्रवाई के लिए 24 घंटे तक अल्टीमेटम दिया है। मिली जानकारी के अनुसार असामाजिक तत्वों व बदमाशों का आतंक सिर ⏭ शेष पेज 12 पर

पुलिस प्रशासन की विफलता : आनंद

सिटी कोतवाली पहुंचे मराठापारा के आनंद पवार ने मीडिया को बताया कि करीब दो दर्जन दहशतगर्दों ने लाठी-डंडा लेकर एक घंटा तक दो वार्ड में उत्पात मचाते हुए गाली-गलौज की जबकि त्योहारी सीजन के चलते पुलिस पेट्रोलिंग मजबूत होनी चाहिए लेकिन दहशतगर्द दहशत फैलाते हैं तो यह निश्चित तौर पर पुलिस प्रशासन की विफलता है।

कार्रवाई नहीं होने पर चक्का जाम की चेतावनी

मराठापारा निवासी दीपक लोंढे ने मीडिया को बताया कि बुधवार की रात्रि करीब 20 से 25 गमछा बांधे युवकों ने बांसपारा व मराठापारा में दहशत फैलाई है। सीएसपी से मिलकर आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की गई है। कार्रवाई नहीं होने पर चक्काजाम व धमतरी बंद किया जाएगा।

यह कृत्य बर्दाश्त नहीं किया जाएगा : सीएसपी

सीएसपी अभिषेक चतुर्वेदी ने मीडिया को बताया कि बीते कुछ दिनों से शहर के दो मोहल्लों में कुछ लड़कों के बीच आपसी तनाव व लड़ाई झगड़ा हुआ था, जो धीरे-धीरे बड़ा रूप लेता चला गया। बुधवार को मराठापारा में दो मोहल्लों के लड़कों के बीच मारपीट हुई। इस लड़ाई में कुछ असामाजिक तत्वों ने अपने चेहरे ढंककर हाथों में लाठी-डंडा लेकर देर रात मराठापारा में गाली गलौज कर दहशत फैलाने का प्रयास किया। यह कृत्य बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्राप्त वीडियो की जांच कर नकाबपोशों की पहचान कर शीघ्र कार्रवाई करेंगे।

चाकू मारकर युवक की हत्या, साथी घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

बुधवार की रात्रि ग्राम मुजगहन में अज्ञात युवकों ने एक युवक की लाठी, चाकू मारकर हत्या कर दी है। वहीं मृतक का साथी भी चाकू के हमले से घायल हो गया है जिसका उपचार जिला अस्पताल में जारी है। पुलिस ने 18 घंटे के भीतर इस घटना में शामिल चार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

- मुजगहन की घटना, चार आरोपी गिरफ्तार

घायल युवक से मिली जानकारी के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम मुजगहन के पूर्व सरपंच चंद्रशेखर साहू के पुत्र दीपांशु उर्फ दीप उम्र 21 वर्ष को बुधवार की रात्रि लगभग 9.30 बजे कुछ युवकों ने फोन कर मिलने के लिए गांव के सहाड़ा चौक में बुलाया। दीपांशु अपने साथी विकास साहू पिता चंद्रहास उम्र 26 वर्ष ग्राम मुजगहन थाना अर्जुनी ⏭ शेष पेज 12 पर



मृतक



घायल

बदले की भावना से की गई हत्या

सूत्रों की माने तो दीपांशु की हत्या बदले की भावना के तहत किए जाने की आशंका जताई जा रही है। दो वर्ष पहले मुजगहन बाईपास के पास स्थित तालाब किनारे गांव के एक युवक की हत्या हुई थी। इसी का बदला लेने के उद्देश्य से इस घटना को अंजाम दिया गया है। वारदात में शामिल चार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

हत्याकांड का हुआ खुलासा



पुरानी रंजिश के चलते मुजगहन थाना अर्जुनी निवासी दीपांशु साहू की चाकू मारकार हत्या करने व विकास साहू को चाकू से घायल करने वाले फनेश्वर नेताम पिता रोहित उम्र 18 वर्ष रितेश नेताम पिता रोहित उम्र 22 वर्ष, लीलेश उर्फ लीलेश्वर नेताम पिता प्रदीप उम्र 20 वर्ष व नोहर यादव उर्फ परसराम उम्र 23 वर्ष सभी रत्नाबांधा निवासी को अर्जुनी पुलिस ने धारा 296, 115/2, 118/1, 35/3, 190, 191/1, 191/2, 103/1 बीएनएस के तहत गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त चाकू व लकड़ी का डंडा जब्त किया गया है।

खबर संक्षेप

अटंग में राज्यस्तरीय कबड्डी स्पर्धा 24 को

सिर्री। ग्राम अटंग के प्रेमनगर में जय बजरंग क्रीड़ा मंडल एवं ग्रामवासियों के सहयोग से छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 24 और 25 अक्टूबर को किया गया है। प्रवेश शुल्क 301 रुपए है। विजेता टीम को प्रथम पुरस्कार 10,001 रुपए, द्वितीय 7001 रुपए, तृतीय 5001 रुपए, चतुर्थ पुरस्कार 3001 रुपए व शील्ड दिया जाएगा। प्रत्येक बेस्ट रेडर, बेस्ट कैचर, बेस्ट ऑलराउंडर 501 रूपये का आकर्षक पुरस्कार मिलेगा। शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तपन चंद्राकर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष होंगे। अध्यक्षता गायत्री चेलक सरपंच करेंगी। 25 अक्टूबर को समापन कार्यक्रम की मुख्य अतिथि तारिणी चंद्राकर जिलाध्यक्ष कांग्रेस कमेटी होंगी। अध्यक्षता ग्राम सरपंच करेंगे। यह जानकारी उमेंद्र साहू अटंग ने दी।

स्वदेशी शिल्प महोत्सव अब केवल 3 दिन शेष हथकरघा-हस्तशिल्प पर विशेष छूट



धमतरी। मिशन ग्राउंड धमतरी में आयोजित स्वदेशी शिल्प महोत्सव अब अपने अंतिम पड़ाव पर है। प्रदर्शनी एवं बिक्री के लिए अब केवल तीन दिन शेष हैं। हथकरघा व हस्तशिल्प पर विशेष छूट दी जा रही है। महोत्सव में देशी हस्तशिल्प एवं हथकरघा उत्पादों के साथ पारंपरिक भारतीय कला और स्वदेशी उत्पादों को देखने व खरीदने का अवसर मिल रहा है। आयोजकों ने धमतरी सहित आसपास के क्षेत्र के नागरिकों से अपील की है कि वे अंतिम तीन दिनों में महोत्सव में पहुंचकर स्वदेशी उत्पादों की खरीदारी करें और देश की पारंपरिक कला एवं कारीगरों को प्रोत्साहित करें।

जल्द सजेगा धमतरी का बहुप्रतिक्षित अत्याधुनिक ऑडिटोरियम

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर में नागरिक सुविधाओं के विस्तार और शहरी अधोसंरचना को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से संचालित विकास कार्यों का महापौर रामू रोहरा एवं कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने स्थल निरीक्षण कर जायजा लिया। सिहावा चौक स्थित निर्माणाधीन अत्याधुनिक ऑडिटोरियम का निरीक्षण करते हुए निर्माण कार्य की प्रगति, गुणवत्ता और उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का अवलोकन किया।

अधिकारियों ने संबंधित विभागों एवं कार्यदायी एजेंसियों को सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान ननि आयुक्त अरुण वर्मा, लोक निर्माण विभाग के एसडीओ मुरलीधर पैकरा, नगर निगम पीडब्ल्यूडी प्रभारी पिंटू यादव सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

महापौर-कलेक्टर ने परखी निर्माण कार्य की गुणवत्ता

तकनीकी व्यवस्था भी देखी

उन्होंने ऑडिटोरियम में फॉल्स सीलिंग, वातानुकूलन व्यवस्था, आधुनिक साउंड सिस्टम तथा आकर्षक प्रकाश व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने आयोजन स्थल की उपयोगिता, दर्शकों की सुविधा और तकनीकी व्यवस्थाओं को ध्यान में रखते हुए आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। महापौर ने दर्शक दीर्घा में लगायी जाने वाली कुर्सी पर बैठकर कुर्सी की गुणवत्ता एवं आरामदायक व्यवस्था का परीक्षण किया।



ऑडिटोरियम निर्माण में गुणवत्ता का रखें विशेष ध्यान

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि शासकीय निर्माण कार्यों में गुणवत्ता, उपयोगिता और समयबद्धता का विशेष महत्व है। ऑडिटोरियम का निर्माण इस तरह किया जाए कि यह लंबे समय तक शहरवासियों की आवश्यकताओं को पूरा कर सके। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्माण सामग्री एवं कार्यों की गुणवत्ता पर सतत निगरानी रखने तथा विद्युत सुरक्षा, अग्नि सुरक्षा, ध्वनि व्यवस्था, वातानुकूलन और अन्य आवश्यक तकनीकी सुविधाओं को मानकों के अनुरूप सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

गरिमामय मंच उपलब्ध होगा

महापौर ने कहा कि अत्याधुनिक ऑडिटोरियम धमतरी शहर के लिए एक महत्वपूर्ण सार्वजनिक सुविधा साबित होगा। इसके पूर्ण होने से सांस्कृतिक कार्यक्रमों, नाट्य मंचन, साहित्यिक गोष्ठियों, शैक्षणिक आयोजनों, सेमिनारों, सम्मेलनों और सामाजिक कार्यक्रमों के लिए एक व्यवस्थित एवं गरिमामय मंच उपलब्ध होगा।

मुख्य चुनाव आयुक्त की गिरफ्तारी की मांग की

वोट चोरी के विरोध में कांग्रेस ने किया प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कथित वोट चोरी के विरोध में दोनों शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के बैनरतले कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एसडीएम कार्यालय के पास प्रदर्शन कर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन किया। शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गौतम वाधवानी और योगेश शर्मा के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन के दौरान केंद्र सरकार और निर्वाचन आयोग के खिलाफ नारेबाजी की गई। कांग्रेसियों ने मुख्य चुनाव आयुक्त की गिरफ्तारी की मांग करते हुए मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग उठाई।

पुतला दहन के दौरान पुलिस और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच तीखी नोकझोंक और झूमाझटकी भी हुई। इसके बावजूद कार्यकर्ताओं ने पुतला दहन किया। पूर्व जिलाध्यक्ष मोहन लालवानी, शरद लोहाना और शहर अध्यक्ष गौतम वाधवानी ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने निर्वाचन आयोग जैसी संवैधानिक संस्था की निष्पक्षता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि कथित वोट चोरी के मामले में कार्रवाई होनी चाहिए और मुख्य चुनाव आयुक्त को पद से हटाकर गिरफ्तार किया जाना चाहिए।

विधायक ओंकार साहू ने कहा कि लोकतांत्रिक अधिकारों और मतदाताओं के विश्वास की रक्षा जरूरी है। उन्होंने मांग की कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच हो। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि मांगों पर कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन तेज किया जाएगा।

ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस ने किया प्रदर्शन



मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में धरना-प्रदर्शन किया गया। ग्राम कोलियारी चौक में आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस नेताओं ने निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन किया। ब्लॉक अध्यक्ष खिलेंद्र ध्रुव ने आरोप लगाया कि मुख्य चुनाव आयुक्त भाजपा के संरक्षण में कार्य कर रहे हैं और एसआईआर के फॉर्म-6 के नियमों में कथित छेड़छाड़ कर चुनाव परिणामों को प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने इसे लोकतंत्र के लिए चिंताजनक बताते हुए निष्पक्ष चुनाव की मांग की। प्रदर्शन में प्रभारी मंत्री राजेंद्र साहू, ब्लॉक महामंत्री केशव, चन्द्रहास साहू, योगेश मार्कंडे जनपद सदस्य, उपाध्यक्ष विजेंद्र रामटेके, कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र पटेल, पेखन साहू, सूर्या नेताम, जयंत सिन्हा, प्रणय बचन, योगेश्वर साहू, डीहू राम, आवैश हाशमी, लेखराम, देवालाल साहू, श्रीराम साहू, हेमलाल बंजारे, विष्णु सिन्हा सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित थे।

प्रदर्शन में पूर्व जिलाध्यक्ष मोहन लालवानी, पूर्व जिलाध्यक्ष शरद लोहाना, जिला संगठन महामंत्री अरविंद दोशी, शहर अध्यक्ष गौतम वाधवानी, शास्त्री सोनवानी, योगेश लाल, कन्हैया सोनी, अविनाश मारोठे, राजेश पांडे, आशुतोष खरे, रामनाथ यादव, शैलेंद्र दीवान, हितेश गंगवीर, भागी धुरुव, उदित नारायण साहू, यशवंत पटेल, भोला कुंभकार, सूरज पासवान, आवैश हाशमी, देवेंद्र देवांगन, अजय सिन्हा, जैनुद्दीन रिजवी, अमित बाघमरिया, श्रवण साहू, मोहन ध्रुव, नवीन गजेंद्र सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

बाईपास पर रफ्तार का कहर

ट्रैक्टर-ट्रॉली से भिड़ी बाइक, युवक की मौत

- सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ भीषण हादसा, टक्कर से बाइक के उड़े परखच्चे

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद



कुरुद बाईपास पर तेज रफ्तार बाइक और ट्रैक्टर-ट्रॉली के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और बाइक सवार युवक उछलकर सड़क पर जा गिरा। गंभीर चोटें आने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान ग्राम बिरेझर निवासी लोकेश साहू के रूप में हुई है। स्थानीय जानकारी के अनुसार लोकेश लंबे समय से बिरेझर पुलिस चौकी में साफ-सफाई का काम करता था। उसकी असामयिक मौत की खबर से परिचितों और क्षेत्रवासियों में शोक का माहौल है। घटना की सूचना मिलते ही कुरुद थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भेजा। दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटाकर यातायात बहाल कराया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।



कुरुद बाईपास पर लगे सीसीटीवी कैमरे में दुर्घटना का दृश्य कैद हुआ है। सामने आए वीडियो में बाइक और ट्रैक्टर-ट्रॉली के बीच जोरदार टक्कर होती दिखाई देती है। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोग मदद के लिए पहुंचे, लेकिन युवक की जान नहीं बचाई जा सकी।

बाईपास पर सड़क सुरक्षा को लेकर सवाल

हादसे के बाद बाईपास मार्ग पर वाहनों की गति और सड़क सुरक्षा को लेकर सवाल उठ रहे हैं। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दुर्घटना की परिस्थितियों की जांच कर रही है। ट्रैक्टर चालक की भूमिका और टक्कर के वास्तविक कारणों का पता जांच पूरी होने के बाद ही चल सकेगा।

पटवारियों की हड़ताल से राजस्व व्यवस्था ठप, गिरदावरी अधूरी



- सीमांकन, बटांकन और प्रमाण पत्र बनाने के काम अटके, धान खरीदी पर पड़ेगा असर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

पटवारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल से जिले में राजस्व व्यवस्था प्रभावित हो रही है। आय, जाति और निवास प्रमाण- पत्र बनाने से लेकर सीमांकन, बटांकन, नामांतरण और जमीन की रजिस्ट्री से जुड़े काम अटक गए हैं। गिरदावरी अधूरी होने से आगामी धान खरीदी पर भी असर पड़ने की आशंका है। पीवी एप की तकनीकी खामियों और दंडात्मक कार्रवाई के विरोध में 13 अक्टूबर से आंदोलन कर रहे पटवारियों की शासन के साथ बातचीत बेनतीजा रहने से गतिरोध बना हुआ है।

प्रदेश में 15 नवंबर से प्रस्तावित धान खरीदी से पहले किसानों के रकबे का सत्यापन और फसल संबंधी जानकारी दर्ज करना जरूरी है, लेकिन हड़ताल के कारण गिरदावरी का काम पूरा नहीं हो पाया है। आंदोलन लंबा खींचने पर खरीदी की तैयारियों में परेशानी बढ़ सकती है। हालांकि धान खरीदी की तारीख बढ़ाने को लेकर अभी कोई आधिकारिक निर्णय नहीं हुआ है। हड़ताल से किसान पंजीयन, जमीन के बंटवारे, नामांतरण और राजस्व प्रकरणों की प्रक्रिया भी प्रभावित हो रही है।

सीमांकन से बैंक लोन तक के काम रूके

जमीन के सीमांकन के लिए 15 दिन पहले आवेदन करने के बावजूद कार्रवाई नहीं होने से नागरिक परेशान हैं। पटवारी प्रतिवेदन नहीं मिलने से डायवर्सन का काम भी अटका है। नागरिकों ने बताया कि बंटवारानामा जमा करने के बाद भी बटांकन नहीं हो पा रहा है। इससे पीएम आवास सहित अन्य योजनाओं की प्रक्रिया प्रभावित हो रही है। नक्शा, जमाबंदी, फसल नुकसान सर्वे, बैंक लोन के दस्तावेज और न्यायालयीन प्रतिवेदन से जुड़े काम भी लंबित हैं।

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स धमतरी के नेतूराम पुनः अध्यक्ष बने

- विजय चेयरमैन चुने गए, सभी पदों पर निर्विरोध हुआ निर्वाचन
- उपाध्यक्ष उमेश, मंजूषा, राहुल सिंह, डॉ. भूपेन्द्र, सत्यमपुरी और परविन्दर कौर चुने गए

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



भारत स्काउट्स एवं गाइड्स स्थानीय संघ धमतरी का निर्वाचन 22 अक्टूबर को नत्थूजी जगताप नगरपालिक निगम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शांतिपूर्ण ढंग से हुआ। सभी पदों के प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित हुए। नेतूराम यादव को पुनः अध्यक्ष और विजय कुमार साहू को चेयरमैन चुना गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने बच्चों के सर्वांगीण विकास के साथ धमतरी को स्काउटिंग के क्षेत्र में अग्रणी जिला बनाने का संकल्प लिया।

उपाध्यक्ष उमेश बशिष्ट, श्रीमती मंजूषा साहू, राहुल सिंह नेताम, डॉ. भूपेन्द्र साहू, सत्यमपुरी गोस्वामी और सुश्री परविन्दर कौर गिल चुने गए। आजीवन सदस्य प्रतिनिधि के रूप में देवेन्द्र भारद्वाज एवं अमृत साहू कार्यकारिणी में शामिल हुए।

अन्य पदों पर भी सर्वसम्मति से मनोनयन किया गया। सचिव डोलेश्वरी साहू, संयुक्त सचिव हेमंत साहू तथा सहसचिव श्रीमती श्वेता गजेंद्र बनाए गए। साधारण सदस्य प्रतिनिधि के रूप में रामबगस गंगबेर को जिम्मेदारी मिली। स्काउटर प्रतिनिधि के रूप में चोवालाल धीवर एवं श्यामसुंदर सिन्हा तथा गाइडर प्रतिनिधि के रूप में श्रीमती योगिता कंवर एवं प्रीति शांडिल्य का चयन किया गया। सहयोगी सदस्य के रूप में बालाराम साहू एवं तोरण लाल गंजीर तथा ग्रुप लीडर प्रतिनिधि के रूप में मदनमोहन दास एवं नंदकिशोर साहू को शामिल किया गया। पदेन सहायक जिला आयुक्त गाइड की जिम्मेदारी श्रीमती नमिता तिवारी को सौंपी गई।

निर्वाचन में मुख्य निर्वाचन अधिकारी व एबीईओ लीलाधर चौधरी, सोहनलाल साहू तथा सहायक निर्वाचन अधिकारी भारतलाल साहू, मोहित राम बनपेला, सोमदत्त साहू, दुवेन्द्र मंडावी, हेमंत कुमार एवं श्रीमती प्रीति शांडिल्य ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। लीलाधर चौधरी ने आभार जताया।

बच्चों के सर्वांगीण विकास पर रहेगा जोर

अध्यक्ष नेतूराम यादव, चेयरमैन विजय कुमार साहू एवं उपाध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र साहू ने अपने संबोधन में स्काउटिंग गतिविधियों को मजबूत बनाने तथा बच्चों के व्यक्तित्व विकास के लिए मिलकर कार्य करने की बात कही। वरिष्ठ स्काउटर भारतलाल साहू ने निर्वाचित पदाधिकारियों को सेवा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन सोहनलाल साहू ने किया।

मौके पर गणेश प्रसाद साहू, जीवनलाल साहू, नेमलाल गंगेले, हीना भेंसले, वीरेन्द्र सिन्हा, दुष्यंत सिन्हा, डीपेन्द्र साहू, विनोद पांडे, शेषनारायण गजेन्द्र, रामचंद्र देवांगन, अनीता यादव, प्राची सोनी, श्वेता गजेन्द्र, खेमलाल साहू, संतोष ध्रुव, प्रवीण वैद्य सहित बड़ी संख्या में स्काउटर, गाइडर, आजीवन सदस्य, ग्रुप लीडर्स और स्काउट-गाइड बच्चे उपस्थित थे।

माता शीतला के खड्ग से हुआ निर्वस्त्र सहस्त्रबाहु रावण का वध



- छिपलीपारा में सदियों पुरानी परंपरा को देखने उमड़ी ग्रामीणों की भीड़, महिलाओं का प्रवेश प्रतिबंधित रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी





नगरी विकासखंड अंतर्गत सिहावागढ़ में एकादशी के अवसर पर सदियों पुरानी परंपरा का निर्वहन करते हुए माता शीतला के खड्ग से मिट्टी से निर्मित निर्वस्त्र सहस्त्रबाहु का वध किया गया। इस अनूठी धार्मिक परंपरा को देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। परंपरा के अनुसार शीतला मंदिर के पुजारी माता शीतला के खड्ग से सहस्त्रबाहु का वध किया। इस दौरान महिलाओं का प्रवेश प्रतिबंधित रहा।

सिहावा गढ़ की यह परंपरा क्षेत्र की धार्मिक मान्यताओं और लोक आस्था से जुड़ी हुई है। यहां एकादशी के दिन मिट्टी से सहस्त्रबाहु की निर्वस्त्र प्रतिमा तैयार की जाती है। धार्मिक विधि-विधान के बाद माता शीतला के खड्ग से उसका वध किया जाता है। इस आयोजन को देखने के लिए ग्रामीणों में विशेष उत्साह रहता है।

माता शीतला ने धारण किया था आदिशक्ति का रूप

पौराणिक मान्यता के अनुसार जब भगवान श्रीराम ने लंकापति रावण का वध कर माता सीता को मुक्त कराया, तब माता सीता ने उन्हें बताया कि अभी युद्ध समाप्त नहीं हुआ है और सहस्त्रबाहु का वध करना शेष है। इसके बाद भगवान श्रीराम ने सहस्त्रबाहु पर आक्रमण किया, लेकिन ब्रह्मा जी से प्राप्त वरदान के कारण वे उसका वध नहीं कर सके।

आस्था और परंपरा का अनूठा संगम

सिहावा शीतला शक्ति पीठ के अध्यक्ष नरेंद्र नाग के बताया कि सिहावा गढ़ में सहस्त्रबाहु वध की यह परंपरा लंबे समय से चली आ रही है। धार्मिक आस्था से जुड़े इस आयोजन में ग्रामीणों की विशेष सहभागिता रहती है। सहस्त्रबाहु के पुतले की मिट्टी को विजय के प्रतीक के रूप में घर ले जाने की परंपरा भी लोगों के आकर्षण का केंद्र रहती है।

परंपरा के समापन के बाद श्रद्धालु सहस्त्रबाहु के पुतले की मिट्टी को विजय का प्रतीक मानकर अपने साथ ले जाते हैं।

सहस्त्रबाहु रावण ने मर्यादा का उल्लंघन करते हुए माता सीता के सामने निर्वस्त्र होकर उन्हें ललकारा। इस पर माता सीता ने आदिशक्ति का स्वरूप धारण किया और अपने खड्ग से सहस्त्रबाहु रावण का वध कर दिया। इसके पश्चात माता शांत होकर धरती में समाहित हो गईं। लोक मान्यता है कि इसी पौराणिक प्रसंग की स्मृति में सिहावा गढ़ में मिट्टी से निर्मित निर्वस्त्र सहस्त्रबाहु का वध करने की परंपरा सदियों से चली आ रही है।

महानदी में बाढ़ से दरगहन एनीकट ढहा

- एनीकट की मरम्मत या वैकल्पिक व्यवस्था कराने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



ग्राम पंचायत दरगहन स्थित महानदी पर बने एनीकट के टूटने से आवागमन बाधित हो गया है। सरपंच सहित ग्रामीणों ने एनीकट की मरम्मत एवं आवागमन के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करने की मांग कलेक्टर से की है। सरपंच लक्ष्मी ध्रुव सहित कलेक्टोरेट पहुंचे ग्रामीणों ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा है कि 25 सितंबर को महानदी पर बाढ़ आने से दरगहन का एनीकट टूट गया है जिसके कारण महाविद्यालय कण्डेल आने-जाने वाले छात्र-छात्राओं एवं ग्रामीणों को आवागमन में काफी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। सरपंच ने बताया कि इसकी जानकारी 6 अक्टूबर को कलेक्टर जनदर्शन में दी गई जिस पर तत्काल व्यवस्था बनाने का आश्वासन मिला था, लेकिन पखवाड़ा बीतने के बाद भी कोई भी अधिकारी अब तक निरीक्षण करने नहीं पहुंचा और न ही किसी प्रकार का काम शुरु हो पाया है। आवागमन बाधित होने से ग्रामीणों में रोष है। ग्रामीणों का कहना है कि तत्काल कार्य शुरु नहीं हुआ तो वे कलेक्टोरेट का घेराव करने को मजबूर होंगे।





